**OPD** → **CT REQUISITON FORM**

↓

**RADIOLOGY DEPARTMENT ACTREC**

**(APPOINTMENT COUNTER – PAYMASTER SHODHIKA - Ground floor)**

↓

**Appointment date and time will be allotted to you**

## General Instructions:

- For appointment related queries (If you are running late on the day of appointment/ If you want to reschedule your appointment – Call on **+91-22-2740 5000** and ask the operator to connect on **5138**.

- Take your routine medications (Diabetes, Hypertension, Thyroid, Heart disease etc.) on the day of scan, unless asked specifically by the OPD doctor/Appointment staff to stop them.

- If your CT scan uses dye or contrast, you will need a **blood test** before your scheduled CT scan (S. **Creatinine**), preferably within 30 days from the day of scan.

- If you are receiving CT scan **IV contrast/dye, do not eat 4 hours prior** your exam. You may continue to drink water or clear fluids if you prefer. No specific dietary modifications are required for scans without contrast / dye.

- If you are **pregnant or suspect you might be pregnant**, please speak with your doctor before undergoing this exam.

- Please make sure that you bring along the **films/ CD of the previous imaging** done outside our institute, if any.

**ON THE DAY OF APPOINTMENT** → **BEFORE THE SCAN**

Go to the Appointment Counter where a **TOKEN NUMBER** (Ex: M01/ M02/M03….) will be allotted to you.

Submit your CT requisition form in CT preparation counter (PS 57)

- You will be asked to change your personal clothes into a hospital gown entirely (Room no. PS – 38/B). An estimated waiting period will be informed to you at the same time.
- Leave valuables at home (including jewellery) or hand it over to your relative. None can be worn during the scan.
- If an injected CT contrast agent is needed for your imaging, an IV line will be inserted in your arm by a nurse in room no. PS – 68.
- You should drink the **oral contrast** solution as instructed by your technologist or nurse. You may be required to carry a water bottle, the same will be informed to you by the technologist / nursing staff.

- Before entering the CT scan room, you will be asked a variety of questions (i.e., using a special screening form) including if you have history of **allergic reaction** in prior CT scan or if you have any **metallic implants or devices.**
- If you have faced any **allergic reaction to IV contrast** during your previous CT scan, you must inform the doctor at this point. If **premedication** is required, the Radiology doctor will prescribe the necessary medications and schedule your appointment accordingly. You will be required to give written consent prior to your CT scan with contrast/dye.
- Next, you will be instructed to remove all metallic objects from pockets and hair, as well as metallic jewellery.
- If you have questions or concerns, please discuss them with the CT technologist

## DURING THE SCAN

- During a CT scan, you will lie down on a table for the duration of the test. The table will move through the center of the CT scan machine which is shaped like a large ring.

- Many patients receive a contrast agent intravenously (IV) during their CT scan and mild discomfort is expected. However, if you experience significant pain or uneasiness, alert the CT technologist during the scan.

- You can expect your CT scan to last approximately 15 minutes start to finish. If you are having a CT scan with oral contrast, the entire appointment could take as long as one to two hours.

## AFTER THE SCAN

- **Allergic reactions** to contrast materials are uncommon, but if you notice any symptoms such as rash, hives or shortness of breath before you leave the facility, notify the technologist or radiology staff immediately. Or call your doctor or go to the nearest hospital if you have already left to go home.

- Staff will bring you back to the waiting area and you can **change back into your clothes**.

- If contrast agent was injected, the IV line will be removed from your arm before you go home.

- **Expected reporting time** is 48-72 hours, by which time your report will be electronically generated and uploaded to your EMR case no. Emergency findings if any will be informed to your treating physician at the time of the scan. Once report is finalised you will receive an SMS notification.

- You may contact extension number 5138 for further enquiries if any.

**ओपीडी** → **सीटी - माँग प्रपत्र**

↓

**रेडियोलॉजी विभाग - एक्ट्रेक**

**(अपॉइंटमेंट काउंटर – पेमास्टर शोधिका, भूतल)**

↓

**अपॉइंटमेंट की तारीख एवं समय आपको दिया किया जाएगा।**

**सामान्य अनुदेश :**

- अपॉइंटमेंट संबंधी प्रश्नों के लिए (यदि आप अपॉइंटमेंट के दिन देर से आ रहे हैं / यदि आप अपनी अपॉइंटमेंट को पुनर्निर्धारित करना चाहते हैं तो –
संपर्क करें **+91-22-2740 5000** पर और ऑपरेटर को आगे दिए हुए नंबर पर संपर्क करने के लिए कहें- **5138**.

- स्कैन के दिन अपनी नियमित दवाइयाँ (मधुमेह, उच्च रक्तचाप, थायराइड, हृदय रोग आदि) लें, जब तक ओपीडी डॉक्टर/अपॉइंटमेंट कर्मचारी द्वारा विशेष रूप से उन्हें रोकने के लिए न कहें।

- यदि आपका सीटी स्कैन डाई या कॉन्ट्रास्ट का प्रयोग करता है, तो आपको विशेषतः स्कैन के दिन से 30 दिनों के भीतर **क्रिएटिनिन** का **रक्त परीक्षण** करना आवश्यक है।

- यदि आपको आपका सीटी **स्कैन आयव्ही कॉन्ट्रास्ट /डाई प्राप्त हो रहा हैं, तो आप अपनी परीक्षा से 4 घंटे पहले भोजन न करें**। यदि आप चाहें तो पानी एवं तरल पदार्थ पीना जारी रख सकते हैं। कॉन्ट्रास्ट /डाई के बिना स्कैन के लिए किसी भी विशिष्ट आहार संशोधन की आवश्यकता नहीं है।

- यदि आप **गर्भवती हैं या आपको लगता है कि आप गर्भवती हो सकती हैं**, तो कृपया इस परीक्षा से गुजरने से पहले अपने डॉक्टर से बात करें।

- कृपया सुनिश्चित करें कि आप हमारे संस्थान के बाहर की गई पिछली **इमेजिंग की फिल्म/सीडी,** यदि कोई हो, तो साथ लेकर आएँ।

**अपॉइंटमेंट के दिन** → **स्कैन से पहले**

अपॉइंटमेंट काउंटर पर जाएँ जहाँ आपको एक **टोकन नंबर** (उदा: M01/ M02/M03…) दिया जाएगा।

आपका सीटी माँग प्रपत्र सीटी पूर्वतैयारी कक्ष (पीएस 57) में जमा करें।

- आपको अपने निजी कपड़ों को पूरी तरह अस्पताल के गाउन (कक्ष क्रं. पीएस-38/ बी) में बदलने के लिए कहा जाएगा। इस प्रक्रिया के लिए लगनेवाले अनुमानित प्रतीक्षा अवधि के बारे में आपको उसी समय सूचित किया जाएगा।
- अपना क़ीमती सामान (आभूषण सहित) घर पर ही रख दें अथवा उसे अपने रिश्तेदार के पास सौंप दें। स्कैन के दौरान कुछ भी पहनने की अनुमति नहीं है।
- यदि आपकी इमेजिंग के लिए एक इंजेक्टेड सीटी कॉन्ट्रास्ट एजेंट की आवश्यकता है, तो कमरा नंबर पीएस – 68 में एक नर्स द्वारा आपके हाथ में एक आयव्ही लाइन डाली जाएगी।
- आपको अपने टेक्नोलॉजिस्ट या नर्स के निर्देशानुसार **ओरल कंट्रास्ट सॉल्यूशन** पीना चाहिए। आपको पानी की बोतल ले जाने की आवश्यकता हो सकती है इसकी सूचना आपको टेक्नोलॉजिस्ट /नर्सिंग स्टाफ द्वारा दी जाएगी।

- सीटी स्कैन रूम में प्रवेश करने से पहले आपको अनेक प्रकार के प्रश्न पूछे जाएँगे जैसे कि-( एक विशेष स्क्रीनिंग प्रपत्र का उपयोग करके) क्या आपको पूर्व सीटी स्कैन में कोई एलर्जी या परेशानी हुई थी? क्या आपने कभी अपने शरीर में उपकरण अथवा धातु प्रत्यारोपण किया है ?
- यदि आपने अपने पिछले सीटी स्कैन के दौरान आयव्ही कॉन्ट्रास्ट से किसी एलर्जी की प्रतिक्रिया का सामना किया है, तो इसके बारे में आपको डॉक्टर को सूचित करना है। यदि प्रीमेडिकेशन की आवश्यकता है तो रेडियोलॉजी डॉक्टर आपको आवश्यक दवाएँ लिखकर दे देंगे एवं उसी के अनुसार आपकी अपॉइंटमेंट की समय सारणी तय की जाएगी। कॉन्ट्रास्ट /डाई के साथ आपको सीटी स्कैन से पहले आपको लिखित सहमति देनी आवश्यक होगी।
- इसके पश्चात आपको जेब और बालों से सभी धातु की वस्तुओं, साथ ही धातु के आभूषणों को निकालने के निर्देश दिए जाएँगे।
- यदि आपके कोई प्रश्न या समस्याएँ हैं, तो कृपया सीटी स्कैन करने से पहले सीटी टेक्नोलॉजिस्ट या रेडियोलॉजिस्ट से चर्चा करें।

## स्कैन करते समय

- सीटी स्कैन के दौरान आपको परीक्षण करने हेतु टेबल पर लेट दिया जाएगा। टेबल सीटी स्कैन मशीन के मध्यभाग से होकर गुजरेगी जिसका आकार एक बड़ी रिंग जैसा है।

- कई रोगियों को उनके सीटी स्कैन के दौरान अंतःशिरा (आयव्ही) से कॉन्ट्रास्ट एजेंट दिया जाता है और इसके कारण उन्हें हल्की असुविधा (दर्द) होने की संभावना होती है। हालांकि, अगर आपको काफी दर्द या बेचैनी महसूस होती है, तो स्कैन के दौरान सीटी टेक्नोलॉजिस्ट को सूचित करें।

- आपकी सीटी स्कैन की प्रक्रिया लगभग 15 मिनट तक चल सकती हैं। यदि आप मौखिक कॉन्ट्रास्ट के साथ सीटी स्कैन करवा रहे हैं, तो पूरी प्रक्रिया के लिए एक से दो घंटे तक का समय लग सकता है।

## स्कैन के पश्चात

- **कॉन्ट्रास्ट** सामग्री द्वारा **एलर्जी की विरोधी प्रतिक्रिया** असामान्य है, लेकिन अगर आपको यह सुविधा छोड़ने से पहले खरोंच, पित्ती या सांस की तकलीफ जैसे कोई लक्षण दिखाई देते हैं, तो **टेक्नोलॉजिस्ट** या रेडियोलॉजी स्टाफ को तुरंत सूचित करें। यदि आप पहले ही घर जाने के लिए निकल चुके हैं तो आप अपने डॉक्टर को फोन करें या निकटतम अस्पताल में जाएँ।
- कर्मचारी आपको प्रतीक्षा क्षेत्र में वापस लेकर आएँगे उसके बाद **आप अपने कपड़े बदल सकते हैं।**
- यदि **कॉन्ट्रास्ट** एजेंट इंजेक्ट किया गया था, तो आपके घर जाने से पहले आपके हाथ से आयव्ही लाइन हटा दी जाएगी।
- **अपेक्षित रिपोर्टिंग समय** 48-72 घंटे का है, जिस समय आपकी रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक रूप से उत्पन्न हो जाएगी तब आपके ईएमआर केस पर नंबर अपलोड हो जाएगी। आपातकालीन निष्कर्ष यदि कोई हो तो स्कैन के समय आपके इलाज करने वाले चिकित्सक को सूचित किया जाएगा। रिपोर्ट को अंतिम रूप दिए जाने के बाद आपको एक एसएमएस द्वारा सूचना प्राप्त होगी।
- यदि आपकी कोई समस्याएँ है अथवा आगे की पूछताछ करने के लिए आप विस्तार नंबर 5138 पर संपर्क कर सकते हैं।